MOUNT CARMEL INTERNATIONAL SCHOOL, AKOLA

Cambridge International

TERM END EXAM: II | Subject: Hindi | Date: 05.04.2024

Student's Name: ______________________________ Roll No. ______ Grade: 4

Marks: 35 | Time Duration:70 minutes | Invigilator's Sign.

प्रश्न १. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए। **(३)**

१. सुलतान बड़ा सुंदर था, बड़ा __________________था । (धनवान / बलवान)

२. धरती के _____________होने पर ही जानदार चीज़ें पैदा हुई । (गर्म / ठंडा)

३. बाबा के पाँवों की आहट को पहचानते ही सुलतान जोर से ______________।

(हिनहिनाया / भिनभिनाया)

प्रश्न २. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए । **(३)**

१. मेघ - ____

२. उपचार - ____

३. व्यायाम - ____

प्रश्न ३. निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए। **(२)**

१. फासी - ________________

२. असतब्ल - _________________

प्रश्न ४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(२)**

१. हंस को तीर किसने मारा था ?

____

२. धरती के अंदर बनी कोयल की खाने गर्म क्यों होती है ?

____

प्रश्न ५. विराम-चिह्नों का मिलान कीजिए। **(२)**

१. पूर्ण विराम | ?

२. अल्पविराम |

३. प्रश्न वाचक |

४. योजक चिह्न |

प्रश्न ६. रिक्त स्थानों में उचित शब्द लिखिए । **(२)**

१. रविवार के _______________ नाना जी आएँगे । (दीन / दिन)

२. सुबह उठकर सबको _________________ करो । (प्रणाम / परिणाम)

प्रश्न ७. गिनती लिखिए। **(२)**

प्रश्न ८. निम्नलिखित शब्दों में 'मान' तथा 'वान' प्रत्यय को जोड़कर शब्द लिखिए ।

१. ताप -______________________ **(१)**

२. धन -______________________

प्रश्न ९. वर्ग पहेली में से दिए गए शब्दों के अर्थ छाँटकर लिखिए। **(३)**

सं	याँ	ना	मा
सा	अं	ब	ला
र	शि	क्ष	क
लि	वा	म	सा

१. जग -________________

२. हार -________________

३. गुरु -________________

प्रश्न १०. निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (४)

(The extract is given on a separate paper)

१. बाबा भारती की घोड़े का नाम क्या था ?

____

२.सुलतान देखने में कैसा था ?

____

३. बाबा भारती कहाँ रहते थे ?

____

४. दिए गए शब्द का उल्टा अर्थ गद्यांश में से ढूँढकर लिखिए।

१. कमजोर × __________________

प्रश्न ११. निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (४)

(The extract is given on a separate paper)

१. ज़मीन किसके चारों तरफ घूमती है ?

____

२. ज़मीन का उपग्रह कौन- सा है ?

____

३. सौर - जगत का क्या अर्थ है ?

____

____

४. सितारों और ग्रहों में क्या अंतर है ?

____

प्रश्न १२. निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर पूछे के प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (४)

(The extract is given on a separate paper)

१. एडीसन को उपहार में क्या मिला ?

___

२. एडीसन का किस विषय से परिचय हुआ ?

___

३. सचित्र पुस्तक में कौन - सी जानकारियाँ थीं ?

___

___

४. नीचे दिए गए शब्द का विलोम शब्द गद्यांश में से ढूँढकर लिखिए।

१. कठिन × ___

प्रश्न १३. निम्नलिखित लेखन पूर्ण कीजिए । (कोई एक) (३)

१. संवाद लेखन -

कल्पना कीजिए कि पेड़ और मनुष्य में बातचीत हो रही है । उस बातचीत को तीन - चार वाक्यों में लिखिए ।

<u>या</u>

२. अनुच्छेद लेखन –

अपने मनपसंद पशु या पक्षी पर एक अनुच्छेद लिखिए ।

___

___

___

___

___

___

Extract (Grade 4)

प्रश्न १०. पठित गद्यांश

माँ को अपने बेटे और किसान को अपने लहलहाते खेत देखकर जो आनंद आता है, वही आनंद बाबा भारती को अपना घोड़ा देख कर आता था । भगवान - भजन और उनका प्रिय घोड़ा सुलतान, बस यही उनकी दुनिया थी । सुलतान बड़ा सुंदर था, बड़ा बलवान । उसके जैसा घोड़ा सारे इलाके में न था ।

बाबा भारती, अपने हाथ से उसकी पीठ सहलाते, खुद दाना खिलाते और उसे देख - देखकर ऐसे प्रसन्न होते जैसे कोई माँ अपने बच्चे को देखकर प्रसन्न होती है । बाबा भारती गाँव से बाहर एक छोटे-से मंदिर में रहते और भगवान का भजन करते थे । खड़गसिंह उस इलाके का एक नामी डाकू था । लोग उसका नाम सुनकर ही काँपते थे ।

प्रश्न ११. पठित गद्यांश

तुम जानती हो कि ज़मीन सूरज के चारों तरफ घूमती है और चाँद ज़मीन के चारों तरफ घूमता है । चाँद ज़मीन का उपग्रह कहलाता है ; इसलिए कि वह ज़मीन के ही आसपास रहता है । दूसरे ग्रहों के भी अपने-अपने उपग्रह हैं । सूरज, उसके ग्रह और ग्रहों के उपग्रह मिलकर मानो एक सुखी परिवार बन जाता है । इस परिवार को सौर - जगत कहते हैं । रात को तुम आसमान में हजारों सितारे देखती हो । इनमें से थोड़े - से ही ग्रह हैं और बाकी सितारे हैं । सितारे जगमगाते हैं , ग्रह नहीं जगमगाते।

प्रश्न १२. अपठित गद्यांश

३ फरवरी १८५६ में एडीसन के दसवें जन्मदिन पर उन्हें विज्ञान की एक पुस्तक उपहार में प्राप्त हुई । इसी पुस्तक के द्वारा एडीसन का विज्ञान से, विशेषकर रसायन विज्ञान से परिचय हुआ। इस सचित्र पुस्तक में भाप के इंजिन और विद्युत चुंबकीय तारों के बारे में बताया गया था, साथ ही बैटरी बनाने की विधि व छोटे- बड़े अन्य प्रयोगों की सरल विधियाँ बताई गई थीं।

इस पुस्तक को पढ़कर एडीसन के मन में स्वयं प्रयोग करके देखने की इच्छा जागी और उन्होंने सीमित साधनों से छोटी- सी प्रयोगशाला बनाकर प्रयोग करने शुरू कर दिए । यही इच्छा आगे चलकर विज्ञान में अनेक महत्वपूर्ण आविष्कारों का कारण बनी।

****

MOUNT CARMEL INTERNATIONAL SCHOOL, AKOLA
Cambridge International

TERM END EXAM: II Subject: Hindi (Listening Skill) Date: 05.04.2024

Student's Name: ______________________________ Roll No. ______ Grade: 4

Marks: 05 Time Duration:10 minutes Invigilator's Sign.

श्रवण कौशल (Listening Skill)

प्रश्न १. सुनी गई कहानी पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(५)**

१. कृष्णदेव राय कहाँ के राजा थे ?

श्रीनगर ☐ विजयनगर ☐

२. राज्य में कौन- सी परेशानी आ गई थी ?

चूहे ☐ बिल्ली ☐

३. राजा की आज्ञा से कौन नाखुश था ?

दरबारी ☐ तेनालीराम ☐

४. तेनालीराम की बिल्ली की हालत कैसी हो गई थी ?

तंदुरुस्त ☐ कमज़ोर ☐

५. राजा ने तेनाली नाम के लिए क्या सजा सुनाई ?

फाँसी ☐ कोड़े मारना ☐

****